कार्यवृत्त

शुक्रवार, 03 चैत्र, शक संवत्, 1939
(दिनांक : 24 मार्च, 2017)

खण्ड-47
अंक-1

विधान सभा का कार्य सभा मण्डप, देहरादून में दिन के 3:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम्'' के साथ आरम्भ हुआ।

श्री अध्यक्ष द्वारा माननीय श्री राज्यपाल के अभिभाषण का प्रथम एवं अन्तिम पैराग्राफ पढ़कर सुनाया गया।

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि कार्य-मंत्रणा समिति ने दिनांक 23 मार्च, 2017 की बैठक में दिनांक 24 मार्च, 2017 से 29 मार्च, 2017 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:-

मार्च, 2017

24 शुक्रवार	(1)	माननीय राज्यपाल जी का अभिभाषण (पूर्वाह्न 11:00 बजे)।
	(2)	माननीय अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल के अभिभाषण का पाठ (अपराह्न 03:00 बजे)।
25 शनिवार		अवकाश।
26 रविवार		अवकाश।
27 सोमवार	(1)	अध्यादेश का पटल पर रखा जाना।
	(2)	माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण।
	(3)	धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा।
	(4)	वित्तीय वर्ष 2017-18 का लेखानुदान का प्रस्तुतीकरण।
		(अपराह्न 04:00 बजे)
28 मंगलवार	(1)	धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा।
	(2)	विधायी कार्य।
29 बुधवार	(1)	धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा एवं पारण।
	(2)	उत्तराखण्ड विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2017 का पुरःस्थापन, चर्चा एवं पारण।
	(3)	विधायी कार्य।

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिसकी सूचना माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से सहमत है। प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

सदन की कार्यवाही 03 बजकर 08 मिनट पर दिनांक 27 मार्च, 2017 के 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

जगदीश चन्द्र
सचिव,
विधान सभा।

स्वीकृत,

प्रेमचन्द अग्रवाल
अध्यक्ष,
विधान सभा।